संपादकीय

# जल बंटवारे का विवाद

पानी बंटवारे को लेकर हरियाणा-पंजाब में फिर ठन गई है। आप शासित पंजाब अपनी जरूरतों और मौजूदा जल स्तर को लेकर भाजपा शासित हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का विरोध कर रहा है।

हरियाणा अपने हिस्से का साढे तीन मिलियन एकड़ फीट पीने का पानी सतलुज-यमुना लिंक नहर को देने की मांग कर रहा है, और पंजाब को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने की हिदायत भी दे रहा है जबकि पंजाब लगातार साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी न होने की दुहाई दे रहा है। 214 किमी. लंबी इस नहर की परिकल्पना रावी-ब्यास नदियों के जल को दोनों राज्यों के दरम्यान बांटने के लिए की गई थी जिसमें 122 किमी. पंजाब में और बाकी 92 किमी. हरियाणा में बनाया जाना था।

हरियाणा परियोजना को पूरा कर चुका है, जबकि पंजाब ने 1982 से चालू इस निर्माण को लटका कर रखा है। पंजाब सरकार का कहना है, धान की बुआई के मौसम में उसे अतिरिक्त पानी की जरूरत है, और यह भी कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी पहले ही ले चुका है। हरियाणा 8,500 क्यूसेक पानी की मांग कर रहा है, जबकि पंजाब उसे चार हजार क्यूसेक पानी पीने के लिए मुहैया करा रहा है। जल बंटवारे के विवाद को राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है।

पंजाब ने हरियाणा पर केंद्र में अपनी सरकार होने के चलते उसे जबरन दबाने के प्रयास के आरोप भी लगाए हैं। नदियों के जल-बंटवारे को लेकर देश भर में अंतरराज्यीय विवादों की स्थिति बनी रहती है। केंद्र और शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बावजूद राज्यों के दरम्यान संतुलित बंटवारा संभव नहीं हो सका है। राज्यों के बीच जल बंटवारे को लेकर न सिर्फ तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय संकट भी बढ़ता जाता है।

केंद्र का जिम्मा है कि पंजाब सरकार को उक्त नहर के निर्माण के लिए राजी करे और जितनी मदद हो सके देने की व्यवस्था भी करे। विभिन्न राज्यों को नदियों के जल बंटवारे के लिए भिड़ने की बजाय जल संरक्षण, भूजल के सदुपयोग और बरसाती पानी के भंडारण के समुचित सुझाव भी दिए जाएं। पूर्वाग्रहों और व्यवस्थागत विकल्पों के अभाव में उपज पर पड़ने वाली मार तथा पेयजल संकट देश का अहितकारी साबित हो सकता है। केंद्र को न सिर्फ विवाद को तूल पकड़ने से रोकना होगा, बल्कि राजनीतिक मन-मुटाव को हाशिए पर रखते हुए मानसून पूर्व ही विवाद का निस्तारण का भी प्रयास करना होगा।

# अप्रैल में भारतीय फार्मा बाजार में 7.8 प्रतिशत राजस्व वृद्धि : रिपोर्ट

**नई दिल्ली**



भारत के फार्मास्यूटिकल बाजार (आईपीएम) ने इस साल अप्रैल में राजस्व में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि जारी रखी। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंड-रा) की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियों की मूल्य वृद्धि की वजह से यह वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें वॉल्यूम में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लगभग सभी प्रमुख क्रॉनिक थैरेपी ने भी सकारात्मक वैल्यू और वॉल्यूम वृद्धि दर्ज करवाई है। इंड-रा के कॉरपोरेट रेटिंग्स के निदेशक निशीथ सांघवी ने कहा, इंड-रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 के दौरान आईपीएम में सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिसमें क्रॉनिक थेरेपी में निरंतर वृद्धि की गति होगी। यह निरंतर वृद्धि मूल्य वृद्धि और नए उत्पादों के लॉन्च के साथ देखी जा सकेगी।

रिपोर्ट से पता चला है कि एंटी-डायबिटिक सेगमेंट में जेनेरिकाइजेशन अवसरों के कारण अप्रैल में वॉल्यूम वृद्धि सालाना आधार पर 2.8 प्रतिशत रही।

प्रमुख थैरेपी जैसे कि गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल में 5.5 प्रतिशत, डर्मा में 3.1 प्रतिशत और कार्डियक में 2.2 प्रतिशत की वॉल्यूम वृद्धि भी दर्ज की गई।

इसके अलावा, अप्रैल 2025 में स्थिर प्रदर्शन रहा, जहां सभी थैरेपी में मूल्य वृद्धि देखी गई।

कार्डियक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, एंटी-डायबिटिक और डर्मा जैसी थैरेपी में आईपीएम की तुलना में वॉल्यूम में अधिक वृद्धि देखी गई।

गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल, विटामिन, दर्द/एनाल्जेसिक और एंटी-इंफेक्टिव जैसी अक्यूट थैरेपी में क्रमश: 10.1 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत, 8.5 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत की बिक्री वृद्धि देखी गई।

डर्मा, कार्डियक, एंटी-डायबिटिक और सीएनएस जैसी क्रॉनिक थैरेपी में क्रमश: 10.8 प्रतिशत, 10.6 प्रतिशत, 7.7 प्रतिशत और 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इंड-रा की मार्च रिपोर्ट से पता चला है कि एक्यूट सेगमेंट की बिक्री में सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

कार्डियक (आईपीएम का 13.4 प्रतिशत क्रोनिक), एंटी-इंफेक्टिव (11.7 प्रतिशत एक्यूट), गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल (12.1 प्रतिशत एक्यूट), एंटी-डायबिटिक (9.2 प्रतिशत क्रोनिक) और विटामिन (9.0 प्रतिशत एक्यूट) ने मार्च 2025 में आईपीएम में 55 प्रतिशत का योगदान दिया।

# ओपनएआई ने चैटजीपीटी सर्च को लेकर पेश किए नए सुधार

**नई दिल्ली**

ओपनएआई ने मंगलवार को चैटजीपीटी सर्च को लेकर कई नए सुधारों को पेश करने की घोषणा की। इसमें यूजर के लिए बेहतर शॉपिंग एक्सपीरियंस को भी शामिल किया गया है।

सर्च चैटजीपीटी के सबसे लोकप्रिय फीचर्स में से एक है। पिछले हफ्ते में ही 1 बिलियन से अधिक वेब सर्च रिकॉर्ड किए गए हैं।

सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित कंपनी ने कहा, चैटजीपीटी यूजर्स अब किसी प्रोडक्ट को सर्च करने से लेकर प्रोडक्ट को खरीदारी तक कर सकते हैं। इसके अलावा, यूजर्स के लिए प्रोडक्ट कंपेयर करने की सुविधा भी मौजूद है। यूजर्स के पास पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, विजुअल प्रोडक्ट डिटेल्स, प्राइसिंग, प्रोडक्ट रिव्यू और खरीदारी के डायरेक्ट लिंक की सुविधा मौजूद होगी।

कंपनी ने आगे कहा कि प्रोडक्ट से जुड़े रिजल्ट स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और विज्ञापन नहीं होते हैं।

ओपनएआई ने कहा, चैटजीपीटी में व्यापार अभी भी शुरुआती चरण में है और हम व्यापारियों को अपनी यात्रा में शामिल करना जारी रखेंगे क्योंकि हम तेजी से सीखने पर ध्यान देते हैं।

शॉपिंग को लेकर इन नए सुधारों को हर उस बाजार के लिए लाया जा रहा है, जहां चैटजीपीटी उपलब्ध है। इसके साथ ही यह सुविधा प्लस, प्रो, फ्री और लॉग-आउट यूजर्स के लिए लाई जा रही है।

ओपनएआई के अनुसार, मेमोरी जल्द ही सर्च और शॉपिंग के साथ काम करेगी। इसका मतलब है कि चैटजीपीटी यूजर के साथ पहले हुई बातचीत से कॉन्टेक्स्ट समझने की कोशिश करेगा, ताकि यूजर के लिए बेहतर जवाब पेश कर सके।

कंपनी ने कहा, यूजर का चैटजीपीटी की मेमोरी पर पूरा कंट्रोल होगा, जिसे सेटिंग में जाकर किसी भी समय अपडेट किया जा सकेगा। हम इसे कुछ ही हफ्तों में रोलआउट करने की योजना बना रहे हैं। यह ईईए, यूके, स्विटजरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टीन को छोड़कर सभी प्लस और प्रो यूजर्स के लिए होगा।

# विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले पर पूरी तरह से कायम

**नईदिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलना अभी तय नहीं है। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई है और अब तक अपनी उपलब्धता की पुष्टि नहीं की है। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद बीसीसीआई ने कोहली से फैसला बदलने की अपील की है। हालांकि, कोहली अपने फैसले पर अभी भी अडिग हैं और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के इरादे पर कायम हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई और चयन समिति कोहली को इंग्लैंड दौरे पर खेलने के लिए मनाने की पूरी कोशिश कर रही है। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में भारत का मध्यक्रम अनुभवहीन है, ऐसे में कोहली की मौजूदगी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने 2 हफ्ते पहले चयनकर्ताओं से टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई थी, लेकिन वह अब भी ना खेलने के अपने फैसले पर अडिग हैं। अपने शानदार टेस्ट करियर के बावजूद, कोहली हाल के दिनों में टेस्ट क्रिकेट में संघर्ष करते नजर आए हैं।

इक्सिगो का बड़ा फैसला

# तुर्किये समेत 3 देसों के लिए सभी बुकिंग निलंबित, सीईओ बोले- 'खून और बुकिंग एक साथ नहीं'

**नई दिल्ली**

ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल इक्सिगो ने तुर्किये, चीन और अजरबैजान के लिए अपनी सभी फ्लाइट और होटल बुकिंग सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कंपनी के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा है कि 'खून और बुकिंग एक साथ संभव नहीं हैं', जो भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इन देशों के कथित भारत-विरोधी रुख के विरोध में उठाया गया एक प्रतीकात्मक लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

इक्सिगो के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने अपने पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में लिखा, बहुत हो गया! खून और बुकिंग एक साथ नहीं हो सकते। हम तुर्किये, चीन और अजरबैजान के लिए सभी फ्लाइट और होटल बुकिंग निलंबित कर रहे हैं। उनका यह बयान इन देशों के कथित भू-राजनीतिक झुकाव और भारत की संप्रभुता व सुरक्षा पर उनके रुख के खिलाफ एक कड़ा संदेश माना जा रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि भारतीय ट्रैवल उद्योग में यह पहला ऐसा कदम नहीं है। भारतीय ट्रैवल कंपनियों जैसे ईजमाईट्रिप और कॉक्स एंड किंग्स ने भी पहले इसी तरह के निर्णय लिए हैं। भारतीय ट्रैवल कंपनियों का यह एकजुट रुख भारत-पाकिस्तान संघर्ष में तुर्किये और अजरबैजान के कथित भारत विरोधी रुख की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है, जहां इन देशों ने पाकिस्तान का समर्थन किया था।

इसी क्रम में, कॉक्स एंड किंग्स ने भी घोषणा की है कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने इस निर्णय पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए अहम सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

# त्रिकोणीय सीरीज 2025: स्मृति मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में लगाया शतक

**नईदिल्ली**

त्रिकोणीय सीरीज 2025 के फाइनल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ शतक लगाया है।

यह उनके वनडे करियर का कुल 11वां शतक रहा। श्रीलंका के विरुद्ध यह उनके बल्ले से निकलने वाला पहला शतक रहा।

इस बीच उन्होंने प्रतिका रावल के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 70 रन की अच्छी साझेदारी भी की।

मंधाना ने अपनी उम्दा फॉर्म जारी रखते हुए कुछ आकर्षक शॉट लगाए। उन्होंने निरंतर रन बनाने जारी रखते हुए 55 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

इस बीच उन्होंने श्रीलंका के तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनरों के खिलाफ भी रन बटोरने में सफलता हासिल की।

उन्होंने 92 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। यह 101 गेंदों में 15 चौकों और 2 छक्कों की बदौलत 116 रन बनाकर दूसरे विकेट के रूप में आउट हुईं।

मंधाना ने साल 2013 में बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया था।



वह अब तक 102 वनडे मुकाबलों में लगभग 47 की औसत और 87.67 की स्ट्राइक रेट से 4,473 रन बनाने में सफल रही हैं।

इस दौरान उनके बल्ले से 11 शतक के अलावा 31 अर्धशतक भी निकले हैं।

उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन रहा है। वह साल 2024 में महिला वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही थीं।

यह मंधाना का 11वां वनडे शतक था। अब वह इस प्रारूप में शतकों के मामले में केवल ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग (15) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (13) से पीछे हैं।

यह श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ उनका पहला शतक है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 16 मैचों में 43.85 की औसत के साथ 614 रन बनाए हैं।

इस दौरान उन्होंने 5 अर्धशतक भी लगाए हैं। मौजूदा त्रिकोणीय सीरीज में उन्होंने 52.8 की औसत से 264 रन बनाए हैं। इससे पहले उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मुकाबले में 51 रन की पारी खेली थी।

# भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद आईपीएल पर आया बड़ा अपडेट, जल्द शुरू होगा टूर्नामेंट

**नईदिल्ली**

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीसीसीआई ने 9 मई को आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित करने का फैसला किया था. लेकिन 10 मई को दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर से आईपीएल के बचे हुए 17 मैचों को दोबारा शुरू करने की चर्चा तेज हो गई है.



घोषणा अभी की गई है, हमें कुछ समय दीजिए, हम चर्चा करेंगे और उसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा.

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, युद्ध रुक गया है, नई स्थिति में बीसीसीआई के पदाधिकारी, अधिकारी और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल कल (रविवार) इस मामले पर चर्चा करेंगे और फैसला लेंगे. हम देखेंगे कि टूर्नामेंट को पूरा करने के लिए सबसे अच्छा कार्यक्रम कौन सा हो सकता है.

ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि टूर्नामेंट को दक्षिण भारतीय शहरों चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में आयोजित किया जा सकता है, लेकिन शुक्ला ने कहा कि ऐसा विकल्प शायद सैन्य संघर्ष जारी रहने की स्थिति में बेहतर हो. शुक्ला ने कहा, जब युद्ध चल रहा था, तब यह एक विकल्प था. कई विकल्पों पर चर्चा की गई है. युद्ध विराम की

आईपीएल चेयरमैन अरुण धूमल ने भी सभी फ्रेंचाइजी तक टूर्नामेंट को जल्द शुरू करने का संदेश पहुंचा दिया गया है. धूमल ने कहा कि आईपीएल को फिर से शुरू करने के सभी संभावित परिदृश्यों की जल्द ही समीक्षा की जा रही है. सरकार से भी जल्द ही चर्चा की जाएगी. आईपीएल चेयरमैन ने कहा, दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बन चुकी है. इसके चलते हम आईपीएल को जल्द से जल्द पूरा करने की सभी संभावनाओं पर विचार कर रहे हैं. हमें आयोजन स्थल और अन्य मुद्दों को अंतिम रूप देना है. अब हमें सभी हितधारकों, टीम मालिकों, प्रसारण कंपनियों से इस मामले पर चर्चा करनी है और इसे आगे बढ़ाना है. सबसे बढ़कर हमें सरकार की सलाह लेनी होगी.

# तन्वी द ग्रेट में अरविन्द स्वामी की एंट्री हुई, सामने आई पहली झलक

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी दूसरी निर्देशित फिल्म त्त्तन्वी द ग्रेटज् को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातारनए-नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर कीफिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है।



अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म त्त्तन्वी द ग्रेटज् में एंट्री हुई है।अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे।

अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता केअभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुतसालों बाद में हमने एक फिल्म की त्त्सात रंग के सपनेज् में साथ काम किया। इस फिल्म के दौरान मुझे जीवन भर के लिए सबसे भरोसेमंद और विश्वसनीय दोस्त मिला।

निर्देशक अनुपम खेर ने आगे अरविंद स्वामी की भूमिका के बारे में बात करते हुए लिखा, जब मैं त्त्तन्वी द ग्रेटज् के लिए मेजर श्रीनिवासन की भूमिका केलिए किसी अभिनेता को चुनना चाहता था, तो मेरे दिमाग में कोई और नहीं आया।

# प्रणव मोहनलाल की हॉरर फिल्म का शीर्षक डाईस इरा

प्रणव मोहनलाल की हॉरर फिल्म का शीर्षक दिलचस्प है। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल के बेटे प्रणव मोहनलाल, ब्रमायुगम फेम राहुल सदाशिवन के निर्देशन में एक फिल्म में अभिनय कर रहे हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार, निर्माताओं ने हॉरर फिल्म का शीर्षक प्रकट किया है। इसका शीर्षक डाईस इरा है। यह एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है क्रोध का दिन।

फिल्म का निर्माण कर रहे चक्रवर्ती रामचंद्र ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ब्रमायुगम के साथ, हमने दिखाया कि भारतीय हॉरर फिल्में क्या हासिल कर सकती हैं। डायस आइरिया अगला कदम है, और हमें विश्वास है कि प्रणव मोहनलाल इस शैली में एक मजबूत छाप छोड़ेंगे।



निर्देशक राहुल सदाशिवन ने कहा, यह फिल्म नई भावनाओं को उजागर करती है और युवा पीढ़ी से जुड़ती है। इसका अंदाज और मूड अलग है, लेकिन यह हॉरर-थ्रिलर स्पेस के प्रति सच्ची है।

# सितारे जमीन पर की रिलीज डेट आगे बढ़ी, 20 जून हो सिनेमाघरों में देने वाली थी दस्तक

सुपरस्टार आमिर खान तीन साल बाद बड़े पर्दे पर फिल्म सितारे जमीन पर से वापसी कर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने अपने होम प्रोडक्शन में बनी फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट का एलान किया था और साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया था. फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट २० जून २०२५ तय की गई थी, जो अब भारत-पाक के बीच तनाव के चलते आगे खिसका दी गई है. फिल्म अब २० जून को रिलीज नहीं होगी, लेकिन मेकर्स ने फिल्म की अभी नई रिलीज डेट का भी एलान नहीं किया है.

सितारे जमीन पर की रिलीज डेट को आगे खिसकाने पर प्रोडक्शन से जुड़े करीबियों ने पुष्टि करते हुए कहा है, भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते आमिर खान प्रोड्क्शन हाउस ने फिल्म के ट्रेलर और रिलीज डेट को आगे करने का फैसला लिया है, हम इस वक्त अपनी सेना के सपोर्ट में पूरे दिल से खड़े हैं, बतौर जिम्मेदार नागरिक हमारी ड्यूटी अभी देश की सुरक्षा में भागीदारिता की है.

बता दें, सितारे जमीन पर आमिर खान की



डेब्यू डायरेक्शनल फिल्म तारे जमीन पर का आध्यात्मिक सीक्वल है. हाल में फिल्म का पोस्टर शेयर किया गया था, जिसमें १० नए कलाकार नजर आए थे, जो अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं. इस फिल्म से आमिर खान अरौश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर को बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहे हैं.

फिल्म में आमिर के साथ जेनेलिया देशमुख नजर आएंगी. पोस्टर से साफ पता चलता है कि वह इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के साथ कुछ खास पेश करने के लिए तैयार हैं. फिल्म का निर्देशन आर.एस. प्रसन्ना ने किया है, जो शुभ मंगल सावधान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं.


# शब्द सामर्थ्य- 45

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 044का हल



# सू-दोकू- 45

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.044 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आज के सारे काम आसानी से पूरे हो जाएं। साथ ही अपने भविष्य के लिए एक योजना बनाएंगे और सोच-विचार करेंगे। आज ज्यादातर आपका समय परिवारवालों और दोस्तों की इच्छाओं को पूरा करने में निकल जाएगा।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

***मिथुन :*** आज का दिन अच्छा रहेगा। पहले से बनाई हुई योजनाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं, साथ ही नए काम की योजना बना सकते हैं। आज आप रिश्तों के प्रति भावना से परिपूर्ण रहेंगे, हो सकता है कहीं बाहर घूमने की प्लानिंग भी बन जाएं।

***कर्क :*** आज मेहनत से करें हुए सारे काम पूरे होंगे। बिजनेस के मामले में थोड़ी सावधानी बरतें। आज आपका दोस्त आपसे किसी जरूरी दस्तावेज पर साइन करवाने आ सकते हैं, बेहतर होगा साइन करने से पहले दस्तावेज को अच्छे से पढ़ ले।

***सिंह:*** आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। पहले की कविता के कारण आपको कॉलेज में पुरस्कार भी मिल सकता है। इस राशि के जो स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई विदेश में करना चाहते है।

***कन्या :*** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहेगा। आज बिजनेस के मामले में आपके नजदीकी दोस्त से समय पर आपको मदद मिल जाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के अविवाहित लोगों के लिए आज रिश्ते आ सकते हैं।

***तुला :*** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। आज ऑफिस में काम का टारगेट पूरा होने से बॉस आपसे खुश होकर, आपको उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही आपको नए अवसर मिलने के चांस बन रहे हैं। लवमेट अपने को टाइम देंगे, जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी।

***वृश्चिक :*** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते हैं। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुचाने में मदद करेगा।

***धनु :*** आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़े हुए ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

***मकर :*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कालात्मक कार्यों में आज आपकी रुचि बढ़ेगी।

***कुंभ :*** आज आपका दिन राहतपूर्ण रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएं शुरू करना चाह रहें है तो उसे टाले नहीं शुरू कर दें। आज आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी।